श्री श्याम से मिलादे मुझको भी प्यारी राधे

(राधे दिखती श्याम में,
और राधे में श्याम,
कृष्ण मिलान की आस हो,
तो ले राधे को नाम।)

श्री श्याम से मिलादे मुझको भी प्यारी राधे,
मुझे प्रेम तू सीखा दे बरसाने वाली राधे,
श्री श्याम से मिलादे.....

रग रग में सांवरे के बहती है लहू बन के,
कृष्णा के दिल में राधे धड़कन के जैसे धड़के,
छवि श्याम की दिखा दे ओ प्यारी प्यारी राधे,
श्री श्याम से मिलादे.....

जिनके हृदय में जलती राधे नाम की ज्योति,
श्री श्याम की कृपा से उनकी तो विजय होती,
सबको भजन सीखा दे वृषभान लाली राधे,
श्री श्याम से मिलादे.....

जय जय राधे राधे बोलो,
जय जय राधे राधे श्याम....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28475/title/shree-shyam-se-mila-de-mujhko-bhi-pyari-radhe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |